# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा / डी0आर0 / 8440
दिनांक : 08.01.2024

## विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत विज्ञप्ति संख्या : परीक्षा / ए0आर0 / 8373, दिनांक 20.12.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा सत्र 2023–24 में प्रविष्ट छात्रों के नामांकन प्रपत्र एवं माईग्रेशन प्रमाण पत्र प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये गये थे।

समस्त महाविद्यालयों से एतद्द्वारा अनुरोध है कि सत्र 2023–24 में सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में प्रविष्ट छात्र / छात्राओं के नामांकन प्रपत्र निम्न प्रक्रिया से परीक्षा विभाग के सम्बन्धित पटल पर दिनांक 15.01.2024 तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

1. महाविद्यालय अपने पोर्टल पर लॉगिन कर समस्त छात्रों का नामांकन प्रपत्र प्रिंट करें।
2. प्रिंट किये गये नामांकन प्रपत्र की समस्त सूचनाएं सही हैं, यह सुनिश्चित करें।
3. ऐसे छात्र जिनकी सूचनाओं में कोई त्रुटि है, में संशोधन हेतु विश्वविद्यालय को स्पष्ट पत्र के माध्यम से सूचित करें ताकि निर्धारित संशोधन किये जा सकें।
4. ऐसे नामांकन प्रपत्र जिसकी समस्त प्रविष्टियां सही हैं, में निर्धारित स्थान पर माईग्रेशन प्रमाण पत्र की सूचनाओं का अंकन करते हुए यथा स्थान छात्र एवं महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या के हस्ताक्षर एवं प्राचार्य की मोहर लगे हुए नामांकन प्रपत्र एवं मूल माईग्रेशन प्रमाण पत्र एक साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को उपलब्ध करायें।
5. परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराये जा रहे नामांकन प्रपत्र एवं मूल माईग्रेशन प्रमाण पत्र की सूची भी प्रस्तुत करें तथा उक्त दस्तावेज जमा कराते हुए परीक्षा विभाग के सम्बन्धित पटल सहायक से पावती (Receipt) प्राप्त करें।
6. ऐसे महाविद्यालय जिनके नामांकन प्रपत्र एवं माईग्रेशन दिनांक 15.01.2024 तक प्राप्त नहीं होंगे, के परीक्षा परिणाम निर्गत नहीं किये जायेंगे।

कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

08.01.2024
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य / प्राचार्या / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान / विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
02. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, निदेशक (अकादमिक) को, निदेशक (अकादमिक) जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा0 कुलसचिव / उप कुलसचिव / प्रभारी (परीक्षा / नामांकन अनुभाग / गोपनीय / लेखा)।
09. प्रभारी–कमैटी सेल / अति गोपनीय विभाग।
10. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र / विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता / प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र / विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेन्सियों को इस आशय के साथ प्रेषित कि प्रथम वर्ष में प्रविष्ट छात्रों के अनुक्रमांक एवं नामांकन आवंटित करने के पश्चात् महाविद्यालयों / विभागों को नामांकन प्रपत्र डाऊनलोड करने का विकल्प उपलब्ध कराये।
13. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र / सूचना पट।

08/01

उप कुलसचिव (परीक्षा)